प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

19.12.2025 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे

''आज के मुख्य समाचार''

- विकसित भारत रोजगार और आजीविक गारंटी मिशन ग्रामीण जी राम जी विधेयक 2025 संसद में पारित–हर ग्रामीण परिवार को हर वित्तीय वर्ष में 125 दिन का रोजगार देना है विधेयक का उददेश्य।
- बागवानी विभाग व बागवानी व वाणिकी विश्वविद्यालय नौणी ने बागवानों के लिए उन्नत व गुणवत्ता पूर्ण सेब पौधों की बिक्री की शुरू।
- आगामी 21 दिसंबर को शून्य से 5 वर्ष तक की आयु के बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो खुराक–आकांक्षी जिला चंबा में भी अभियान को लेकर सभी तैयारियां पूरी।
- प्रदेश में लोगों को कल से मिल सकती है सूखी ठंड से राहत–मौसम विभाग के अनुसार उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में हल्की वर्षा व बर्फबारी के आसार।

जी राम जी बिल

संसद ने विकसित भारत–रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन–ग्रामीण, विकसित भारत ग्रामीण विकास विधेयक–जी.राम.जी विधेयक 2025 पारित कर दिया है। इस विधेयक को राज्यसभा ने कल रात मंज़ूरी दे दी। लोकसभा ने यह विधेयक कल पहले ही पास कर दिया था। सरकार इस विधेयक के माध्यम से वर्ष 2047 में विकसित भारत के राष्ट्रीय विज़न के अनुरूप ग्रामीण विकास ढांचा तैयार करना चाहती है। इस कानून के तहत हर वित्तीय वर्ष में हर ग्रामीण परिवार को 125 दिन के रोज़गार की कानूनी गारंटी दी जाएगी, जिसके वयस्क सदस्य बिना किसी कौशल वाले शारीरिक कार्य स्वेच्छा से करना चाहें। केंद्र और राज्य सरकारों के बीच निधि बटवारे का अनुपात पूर्वोतर और हिमालयी राज्यों को छोड़कर सभी राज्यों के लिए 60 और 40 होगा जबकि पूर्वोत्तर और हिमालयी राज्यों में यह अनुपात 90 और 10 होगा। राज्यसभा में चर्चा में ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सरकार समाज के वंचित वर्गों को लाभ पहुंचाने लिए अथक प्रयास कर रही है।

भाजपा सांसद इंदु बाला गोस्वामी ने कहा कि देश की 70 प्रतिशत आबादी गांवों में रहती है और विधेयक का मकसद उनके जीवन को बेहतर बनाना है।

प्रधानमंत्री–शांति विधेयक

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सतत परमाणु ऊर्जा दोहन और विकास, भारत रूपांतरण विधेयक, 2025 के पारित होने का स्वागत किया है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में इसे भारत के प्रौद्योगिकी परिदृश्य के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ बताया। विधेयक का समर्थन करने के लिए सांसदों का आभार व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह विधेयक कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग को गति देगा।

हरित विनिर्माण को सक्षम बनाएगा और देश तथा दुनिया के लिए स्वच्छ ऊर्जा भविष्य को निर्णायक गति देगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि शांति विधेयक निजी क्षेत्र और युवाओं के लिए भी अनेक अवसर खोलेगा। उन्होंने कहा कि भारत में निवेश, नवाचार और निर्माण करने का यह आदर्श समय है।

## शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि वर्तमान प्रदेश सरकार ने खेलों को बढ़ावा देने के लिए अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। शिमला जिले के ठाकुर रामलाल उत्कृष्ट राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जुब्बल में कन्या खेल छात्रावास की राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ियों को सम्मानित करने के अवसर पर उन्होंने ये बात कही। शिक्षा मंत्री ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में पढ़ाई के साथ–साथ खेलों का भी विशेष महत्व है इससे बच्चों का मानसिक व शारीरिक विकास होता है। इस दौरान रोहित ठाकुर ने राजकीय चिकित्सालय जुब्बल में चल रही विभिन्न गतिविधियों का निरीक्षण भी किया।

## सेब पौध

प्रदेश में सेब बाहुल क्षेत्रों में इन दिनों नए बागीचों को स्थापित करने और नई पौध लगाने का सिलसिला शुरू हो चुका है। बागवानों को उन्नत किस्म की सेब पौध मिले इसी उद्देश्य से बागवानी विभाग और बागवानी व वानिकी विश्वविद्यालय नौणी द्वारा उन्नत किस्म के गुणवत्ता पूर्ण पौधों की बिक्री शुरू कर दी गई है। विश्वविद्यालय के मशोबरा स्थित क्षेत्रीय बागवानी अनुसंधान केंद्र के सह निदेशक डॉक्टर दिनेश ठाकुर ने बागवानों से अपील की है कि पौध रोपण के समय उन्नत व गुणवत्ता पूर्ण सेब पौधों की ही खरीद करें जो विश्वविद्यालय द्वारा मान्यता प्राप्त हो ताकि भविष्य में बागवानों को किसी प्रकार का नुक्सान न उठाना पड़े।

## जागरूकता रैली

सूचना व प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो हमीरपुर द्वारा भारत सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर एकीकृत संचार व आउटरीच कार्यक्रम के तहत ऊना जिला के गगरेट ब्लॉक की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मवा कहोलां में स्वच्छता को लेकर एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। केंद्रीय संचार ब्यूरो हमीरपुर के प्रभारी सुरजीत सिंह ने ये जानकारी देते हुए बताया कि इस दौरान स्वच्छता विषय पर चित्रकला व नारा लेखन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।

## पोलियो मुक्त अभियान

देश को पोलियो मुक्त बनाने के लिए जहां लगातार केंद्र सरकार प्रयास कर रही है वहीं हिमाचल प्रदेश के लोग भी अभियान की सफलता के लिए बढ़–चढ़कर अपना योगदान दे रहे हैं। इस सफल अभियान का ही परिणाम है कि पिछले 15 वर्षों में जिला चंबा में पोलियो का एक भी मामला सामने नहीं आया है। पलस पोलियो प्रतिरक्षण अभियान की कड़ी में 21 दिसंबर को देश भर में शून्य से 5 वर्ष तक की आयु के बच्चों को पोलियो खुराक पिलाई जाएगी। चंबा जिला में भी अभियान को सफलतापूर्वक संपन्न करवाने के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे जिला संवाददाता

*पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान के तहत चम्बा जिला में 542 बूथ स्थापित किए गए हैं जहां करीब 52 हजार बच्चों को पोलियो खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिला के जनजातीय क्षेत्र पांगी व भरमौर में भी इसी दिन इस अभियान को अमलीजामा पहनाया जाएगा जिसके लिए स्वास्थ्य कर्मियों की तैनाती कर दी गई है। उपायुक्त चंबा मुकेश रेपासवाल के अनुसार जिला में पर्याप्त मात्रा मे खुराक पहुँच चुकी है ओर स्वास्थ्य कर्मियोंए आंगनवाड़ी करकर्ताओं व आशा वर्करों की नियुक्तियां कर दी गईं हैं। इस दिन बूथ पर न पहुँचने वाले बच्चों को आगामी दो दिनों तक घर घर जाकर पोलियो खुराक पिलाई जाएगी। प्रशासन का नुख्य फोकस कांगड़ा जिला के साथ लगती चंबा की सीमा पर स्थापित बंगाली कॉलोनी ओर चंबा में बाहरी राज्यों से आए बच्चे रहेंगे जबकि बॉर्डर पर वाहनों को रोककर उनमें सवार बच्चों को भी खुराक पिलाई जाएगी।आकाशवाणी के लिए चम्बा से विकास ठाकुर*

भुटिटको

बुनकर क्षेत्र में अग्रणी व देश–विदेश में कुल्लू शॉल, टोपी व अन्य स्थानीय उत्पादों के लिए प्रसिद्ध सहकारी संस्था भुटिटको ने अपना 81वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। समारोह के मुख्यातिथि भुटिटको के अध्यक्ष सत्य प्रकाश ठाकुर रहे। उन्होंने कहा कि संस्था ने कड़ी मेहनत व ईमानदारी से इस क्षेत्र में अब तक कई कीर्तिमान स्थापित किए हैं और वे अपने उत्पादों को गुणवत्ता के साथ तैयार कर रही है। उन्होंने कहा कि सभा परिसर में बुनकरों के लिए कई व्यापक प्रबंध किए हैं ताकि उन्हें किसी तरह का आर्थिक नुक्सान न उठाना पड़े।

मौसम

प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में आज दिन की शुरूआत हल्की धूप के साथ हुई है। हालांकि मैदानी क्षेत्रों में धुध और कोहरे का प्रकोप भी बढ़ गया है। मौसम विभाग की माने तो राज्य में आज से लोगों को सूखी ठंड से राहत मिलने की उम्मीद भी है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार के अनुसार आज रात से पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से ऊंची चोटियों पर हल्की वर्षा व बर्फबारी होने के आसार है।

सुर्खियां समाचार पत्रों से

आज सभी समाचार पत्रों ने अलग अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला की सुर्खी है बैंकों–बीमा संस्थानों पर दो रूपए प्रति यूनिट बिजली सेस–वित्तीय संस्थानों को अब ज्यादा चुकाना होगा बिजली बिल।

दिव्य हिमाचल की एक खबर है एक लाख से अधिक लाभार्थियों ने नहीं करवाई ई–के वाई सी, सामाजिक सुरक्षा पेंशन पर संकट।

पंजाब केसरी लिखता है एच आर टी सी में महंगाई भत्ते की बकाया राशि का भुगतान मार्च तक।

मौसम पर दैनिक भास्कर की सुर्खी है 20 और 21 दिसंबर को राज्य के 7 जिलों में हल्की बारिश या बर्फबारी की संभावना।

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर

- विकसित भारत रोजगार और आजीविक गारंटी मिशन ग्रामीण जी राम जी विधेयक 2025 संसद में पारित–हर ग्रामीण परिवार को हर वित्तीय वर्ष में 125 दिन का रोजगार देना है विधेयक का उददेश्य।
- बागवानी विभाग व बागवानी व वाणिकी विश्वविद्यालय नौणी ने बागवानों के लिए उन्नत व गुणवत्ता पूर्ण सेब पौधों की बिक्री की शुरू।
- आगामी 21 दिसंबर को शून्य से 5 वर्ष तक की आयु के बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो खुराक–आकांक्षी जिला चंबा में भी अभियान को लेकर सभी तैयारियां पूरी।
- प्रदेश में लोगों को कल से मिल सकती है सूखी ठंड से राहत–मौसम विभाग के अनुसार उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में हल्की वर्षा व बर्फबारी के आसार।